**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 06.08.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना गोबरधन को मंजूरी दे दी है। तेईस हजार सात सौ इक्कतीस करोड़ रुपये के परिव्यय से बढ़ेगा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन।
2. राष्ट्रीय पोत सुरक्षा सम्मेलन–2026 में केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने साइबर हमलों और डिजिटल खतरों से निपटने के लिए बेहतर सुरक्षा प्रणाली की जरूरत बताई।
3. गाराचरमा राजकीय विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित हुआ पहचान और चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर।
4. पंद्रह अगस्त से, पहले प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना गोबरधन को मंजूरी दे दी है। योजना पर कुल तेईस हजार सात सौ इक्कतीस करोड़ रुपये का परिव्यय किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना से करीब डेढ़ लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत कृषि अवशेष, पशु गोबर, गन्ने के अपशिष्ट और अन्य जैविक कचरे से स्वच्छ ईंधन तथा जैविक खाद तैयार की जाएगी। इससे ग्रामीण आय बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। यह योजना वर्ष 2026–27 से 2035–36 तक लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन को बढ़ावा देना और जैव संसाधनों के बेहतर उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

लोकसभा ने कराधान और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने यह विधेयक सदन में पेश किया। यह विधेयक भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, आयकर अधिनियम और वित्त अधिनियम में संशोधन का प्रावधान करता है। यह इस

वर्ष 5 जून को जारी आयकर संशोधन अध्यादेश, 2026 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के प्रभाव को कम करना, घरेलू अर्थव्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना और कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों को समर्थन देना है। इसमें विदेशी संस्थागत निवेशकों और अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से होने वाली ब्याज आय पर कर छूट देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, विशेष क्षेत्रों में कच्चे हीरों की बिक्री से कुछ विदेशी कंपनियों की आय को भी कर छूट देने का प्रावधान है।

<><><><><><><>

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि बदलती तकनीक के साथ समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों, ड्रोन और डिजिटल नेटवर्क से जुड़े खतरों को देखते हुए बंदरगाहों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की जरूरत है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय पोत सुरक्षा सम्मेलन—2026 को संबोधित करते हुए श्री सोनोवाल ने कहा कि बंदरगाहों की सुरक्षा एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए जो संभावित खतरों का पहले से आकलन कर सके और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई कर सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। सागरमाला, पीएम गति शक्ति, समुद्री भारत विजन—2030 और समुद्री अमृत काल विजन—2047 जैसी योजनाओं के तहत नए समुद्री ढांचे का विकास किया जा रहा है। सुरक्षा को बंदरगाहों और डिजिटल प्रणालियों की योजना और निर्माण के शुरुआती चरण से ही शामिल किया जाना चाहिए। श्री सोनोवाल ने कहा कि प्रस्तावित बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और सभी बंदरगाहों पर बेहतर समन्वय तथा सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

<><><><><><><>

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाराचरमा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की आई सी टी लैब में आयोजित इस शिविर में प्रधानाचार्य, सी आर सी समन्वयक प्रभाष रॉय और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

गाराचरमा जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस शिविर में कुल 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कल शाम साढ़े पाँच बजे से हैलो डॉक्टर लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय है स्वच्छता और ओ आर एस के माध्यम से दस्त की रोकथाम। इस कार्यक्रम में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आयुर्विज्ञान संस्थान के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. मितुल साहा विशेषज्ञ के रूप में स्टूडियों में उपस्थित रहेंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फोन नंबर 245–662 और 244–745 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड धारकों से अपील की गई है कि वे पंद्रह अगस्त से पहले अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारों को देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज के लिए प्रति वर्ष पाँच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। पात्र लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड आयुष्मान ऐप, नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, स्वास्थ्य केंद्र या जी. बी. पंत अस्पताल स्थित आयुष्मान भारत हेल्प डेस्क के माध्यम से बनवा सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के एंटी–ड्रग स्क्वाड द्वारा नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था – मादक पदार्थों को ना कहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को अपनी ऊर्जा सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यालय एसएसबी (असम) के कमांडेंट पराग चतुर्वेदी ने देश में बढ़ते नशे के खतरे और मादक पदार्थों

की तस्करी से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर वीडियो प्रस्तुति और संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में बेसहारा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने तत्काल कदम उठाने का निर्णय लिया है। बेसहारा मवेशियों के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन और किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है। इस संबंध में डिगलीपुर के सहायक आयुक्त ने ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित कानूनों के तहत बेसहारा मवेशियों के प्रबंधन और नियंत्रण के लिए अपने–अपने क्षेत्र में आवश्यक कदम उठाएं।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल द्वारा ब्रिचगंज स्थित चिन्थे लॉन्ग फायरिंग रेंज में 10 और 25 अगस्त को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास दोनों दिनों सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा। भारतीय तटरक्षक बल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अभ्यास के दौरान फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रहें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><><>